# शहर में सड़कें बन रही घटिया, कमिश्नर ने पकड़ी मनमानी

**धवारी केशव नगर इलाके में हाल ही में बनाई गई सड़क टूटने लगी हैं और जहां पर निर्माण कार्य चल रहा है वहां भी ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं यह सब किसकी सर परस्ती में हो रहा है।**

**सतना।**

यह समझ से परे है। बहरहाल नगर निगम के नए कमिश्नर शेर सिंह मीना ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करीब 8 करोड़ से अधिक की लागत से दादा सुरेंद्र सिंह स्टेडियम के जीर्णोद्धार को देखा और इंजीनियर को कड़ी फटकार लगाई। इंजीनियरों द्वारा इस स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से इसको बनाने का दावा किया जा रहा था,लेकिन मौका मुआयना पर हालात कुछ और है। नगर निगम कमिश्नर द्वारा किये गए निरीक्षण में जब उबड़ खाबड़ बन रहा फुटबाल ग्राउंड नजर आया,इसी तरह सिंथेटिक ट्रैक,स्विमिंग पूल का सुधार करना,इसके अलावा बॉस्केटबॉल,बैडमिंटन क्रिकेट सभी के ग्राउंड के हो रहे आधुनिकीकरण में तय माप दंडों के विपरीत खामियां मिली। कोई भी काम तय पैरामीटर्स के हिसाब से न होकर लीपा पोती की जा रही थी। और स्मार्ट सिटी के इंजीनियर इसे अंतराष्ट्रीय स्तर का मैदान बता अपना गाल बजाते दिखते है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने उपस्थित इंजीनियरों को जमकर फटकार लगाते हुए टाटा कंसल्टेंसी एवं निगम के अभियंताओं को संयुक्त रूप से मैदान को मानक अनुसार समतल बनाए जाने का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के साथ ही पेवर्स का कार्य पूर्ण कराए जाने निर्देशित किया। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि धवारी स्टेडियम में कराया जाने वाला कार्य केन्द्रीय खेल विभाग की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार निर्मित कराया जाए। निर्माण कार्य पूरी क्षमता से कराए जाए जिन क्षेत्रों में निर्माण कार्य पूर्ण हो जाए उन स्थानों से निर्माण सामग्री को हटाया जाकर उस क्षेत्र को मैदान हेतु उपयुक्त बनाया जाए। टाटा कंसल्टेन्सी को यह भी निर्देशित किया कि धवारी स्टेडियम में पार्किंग का स्थल स्पष्ट रूप से चिंहित किया जाए।



### गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करें

भ्रमण के दौरान वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर का प्रथमतल का कार्य पूर्ण पाया गया। अभियंताओं द्वारा बताया गया कि उस पर अभी 3 फ्लोर और निर्मित किया जाना है भूतल पर पार्किंग एवं कंप्यूटर लैब की व्यवस्था की जाएगी। प्रथमतल पर 250 लोगों के मान से 2 हॉल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही द्वितीय एवं तृतीय तल के छात्रावास के लिए आरक्षित रहेगें।

## खबर संक्षेप

### कोठी इलाके में बिजली की तार टूटने से लगी आग



**सतना।** चित्रकूट-कोठी डीसी अनर्गत ग्राम कैलाशपुर के रलीपहार में शनिवार को बिजली की 11 हजार क्षमता की तार टूट जाने के कारण आग भड़क गई। घटना की सूचना मिलने के बाद आसपास के इलाकों में हड़कंप मच गया और लोगों ने इसकी सूचना संबंधित विभाग की अधिकारियों को दी। बताया जाता है कि गांव के लोग आग बुझाने में लग गए थे लेकिन हवा के कारण आग बढ़ती जा रही थी। घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

**हिरौंदी के पास बस प्लांटेशन में भड़की आग-** उधर,चित्रकूट मार्ग पर हिरौंदी के समीप स्थित बांस के प्लांटेशन में अचानक आग लग गई। धीरे-धीरे आग इतनी तेज हो गई थी उसने और भी पेड़ों को अपनी जद में ले लिया। बताया जाता है कि पूरा क्षेत्र मझगवां वन परिक्षेत्र में आता है। खबर लिखे जाने तक जंगल में आग लगी थी।

### सेवा बस्ती में बच्चों संग मनाई होली



**सतना।** होली की पूर्व संध्या पर श्री सार्थक सेवा फाउंडेशन संस्था द्वारा टिकुरिया टोला स्थित गरीब बस्ती जिसे सेवा बस्ती कहा गया है। संस्था की संयोजक के मार्गदर्शन में होली पर्व को बच्चों के साथ मनाया व रेडीमेड वस्त्र व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष के सहयोग से बस्ती में बच्चों को रंग पिचकारी,रंग-बिरंगे माक्स, एवं मिठाई का वितरण किया गया और अध्यक्षीय उदबोधन में बताया कि आने वाले अगले महीने हम बड़ा स्वास्थ कैम्प भी लगाने जा रहे है,जिससे यहां के बच्चों और महिलाओं को सही चिकित्सा का लाभ भी इनको समय समय पर मिल सके।

### छापामार टीम की गाड़ी का ड्राइवर बन गया दुकानदार

**सतना।** आमतौर पर कोई भी सरकारी विभाग की टीम जब भी कहीं छापामार कार्रवाई करती है तो सबसे पहले उसका सिद्धांत यह होता है कि वह जिस भी घर अथवा प्रतिष्ठान में जाकर जांच कार्रवाई करती है तो उस जगह का कोई भी सामान इस्तेमाल नहीं करती। लेकिन सतना में शुक्रवार को एक अजीबोगरीब वाकया देखने और सुनने को मिला। हुआ यूं कि मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जिला प्रशासन की संबंधित विभाग की टीम पिछले कई दिनों से कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार को यह टीम सिविल लाइन और राजेंद्र नगर इलाके में कई दुकानों में जांच पड़ताल करने में जुटी थी। यह टीम राजेंद्र नगर स्थित एक दुकान में घंटों जांच पड़ताल करती रही। जब कार्यवाही खत्म हुई तो सरकारी ड्राइवर वहां पर मौजूद नहीं था। लिहाजा टीम के अधिकारियों को वापस कार्यालय जाना था।






# अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु की प्रतिमा का अनावरण

**सतना।**

अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स द्वारा स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय वेंकट क्र. 1 सतना में अमर शहीद भगत सिंह,शहीद सुखदेव व शहीद राजगुरु के 93वें शहीद दिवस पर शहीदों की प्रतिमा का अनावरण किया गया। लायन धर्मेंद्र सेन ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा,विशिष्ट अतिथि लायंस डि.3233 सी (मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़) के मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन पवन मलिक,रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी रहे। अध्यक्षता लायंस अध्यक्ष लायन जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल' ने की,एवं संचालन क्लब सचिव लायन शैलेंद्र त्रिपाठी ने किया। प्राचार्य सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि उपस्थित अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में अमर शहीद भगत सिंह,शहीद सुखदेव,शहीद राजगुरु की प्रतिमा का अनावरण किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने देशभक्ति नारे लगाए।

### सात विद्यालयों में प्रतिमाएं स्थापित हो चुकी

लायन पवन मलिक ने बताया कि लायंस क्लब द्वारा लगातार सातवें वर्ष शहीद दिवस पर 23 मार्च को शहीदों की प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है। इससे पूर्व 2018 में शासकीय विद्यालय खूंथी, 2019 में शासकीय विद्यालय महादेवा,2020 में शासकीय विद्यालय प्रेम नगर,2021 में शासकीय हाई स्कूल धवारी, 2022 में शासकीय कन्या धवारी विद्यालय,2023 में शासकीय हाई स्कूल सिविल लाइन,में शहीदों की प्रतिमा स्थापित की गई।

# एकेएस यूनिवर्सिटी फार्मेसी विभाग में दो दिवसीय सर्टिफिकेट प्रोग्राम का भव्य समापन



**सतना।**

फार्मेसी पूर्णतया जॉब ओरिएंटेड कोर्स है ये बातें चीफ गेस्ट ऑफ़ द प्रोग्राम डॉ महेश बुरांडे ने कहते हुए इसे सिद्ध भी किया। 23 मार्च को एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के केंद्रीय प्रासार में फार्मा कंसलटेंट एंड ट्रेनर ने सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन स्कोप एंड पोटेंशियल आफ्टर गैलेक्सी ऑफ़ जॉब ऑपरटुनिटीज पर बहुत शानदार व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने फार्मेसी के बढ़ते विश्व में दबदबे पर स्टूडेंट्स को हर कोने और संभावनाओं की जानकारी दी। स्टूडेंट्स को डॉ.महेश डी.बुरांडे ने कहा की आज भारत फार्मेसी हब ऑफ़ द वर्ल्ड है। मौके आपका इंतजार कर रहे हैं बस जरूरत है अपने आप को सही तरीके से जॉब स्किल्ड रखने की। इसके पश्चात समीर बुरांडे,सीईओ,इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन,पुणे ने फार्मेसी विभाग के स्टूडेंट्स को कैरियर एंड आर्ट ऑफ फेसिंग इंटरव्यू तकनीक इन फार्मा एंड प्रोफेशन पर कहा की फार्मेसी की की दुनिया में रोजगार अवसरों की भरमार है और फार्मेसी ऐसा फील्ड है जहां नौकरी की अपार संभावनाएं है। इंटरव्यू में पहुंचते समय आपके पास बेसिक कंप्यूटर स्किल होनी चाहिए क्योंकि आजकल सभी काम कंप्यूटर पर होने लगे हैं।आप अपनी जॉब प्रोफाइल के अकॉर्डिंग कंप्यूटर का कार्य समझते हैं तो अच्छा रहेगा। हैंड शेक,बॉडी लैंग्वेज,कपड़े पहनने का ढंग,चलने का ढंग,बैठने उठने का ढंग अच्छा होना चाहिए। थिंकिंग स्किल,प्रोबलम सॉल्विंग स्किल्स और प्रबंधन कौशल भी आपको आना चाहिए। टीम मैनेजमेंट और टाइम मैनेजमेंट स्किल्स इंप्रूव करने की आवश्यकता होती है। साक्षात्कार कौशल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आपको नौकरी,व्यवसाय और निजी जीवन में बहुत से काम सफलतापूर्वक करने हैं। इंटरव्यू के लिए कम्युनिकेशन स्किल जरूरी है। इस मौके पर फार्मेसी के डायरेक्टर डॉ.सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह दो दिवसीय कार्यक्रम सर्टिफिकेट कार्यक्रम बेहद उम्दा रहा जिसमें स्टूडेंट्स को बहुत कुछ सीखने,समझने और जानने का मौका मिला। समापन अवसर पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। 23 मार्च को दोनों विषयों पर व्याख्यान के बाद समापन की बेला में अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके पूर्व दोनों दिन के कार्यक्रमों के बाद स्टूडेंट्स के टेस्ट लिए गए जिसमें सभी स्टूडेंट्स ने अच्छा परफॉर्मेंस किया। कार्यक्रम का संचालन फार्मेसी फैकेल्टी सत्येंद्र गर्ग ने किया।पहले दिन के कार्यक्रम के दौरान प्रोचांसलर अनंत कुमार सोनी, प्रो. आर. एस. त्रिपाठी, प्रो.जी.सी.मिश्रा,डॉ.रिछारिया,डॉ.महेश डी बुरांडे,डायरेक्टर इंस्टीट्यूट आफ फार्मा स्यूटिकल एजुकेशन पुणे महाराष्ट्र,समीर बुरांडे, सीईओ, इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन,पुणे के साथ फार्मेसी विभाग के सभी फैकल्टीज और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी के गुणधर्म पर विचार करें तो भविष्य उज्जवल हो सकता है: भगवती

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




**मैहर।** विधिक सेवा समिति मैहर द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से उमेश भगवती,सुश्री हेमलता अहिरवार न्यायिक मजिस्ट्रेट,लॉबार काउंसिल अध्यक्ष दिलीप त्रिपाठी, सचिव इन्द्र भूषण पाण्डेय,कोषाध्यक्ष अखिल मिश्रा एवं सीनियर एडवोकेट अनिल गौतम,प्रभात द्विवेदी पूर्व पार्षद,मनमोहन पाण्डेय क्रिमिनल रीडर,सहिर मो. सिविल रीडर,मैहर थाना से विनय शुक्ल,हरभजन सिह, प्राचार्या रश्मि सरना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा जगत जननी मां शारदा,विद्या की देवी मां सरस्वती व गुरुनानक देवजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण,पूजा अर्चना व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत स्वागत नृत्य एवं माल्यापण द्वारा किया गया। विद्यालय के वॉलेंटियर टीम एवं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले को पुरस्कृत किया गया। आज की विधिक साक्षरता शिविर में विभिन्न प्रबुद्धजनों द्वारा न्यायालयीन प्रक्रिया को विस्तार रूप से समझाया गया।

# नागौद पुलिस ने पकड़ी गांजा की खेती




**सतना।**

नागौद पुलिस ने गांजा की खेती पकड़ी है। यहां से 32 पेड़ जप्त किए गए हैं। पुलिस ने इसकी कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए बताई है। इस सिलसिले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसका नाम दुष्यंत कुमार शुक्ला पिता स्व.बैकुण्ठ प्रसाद शुक्ला उम्र 68 वर्ष निवासी गढी टोला ग्राम बताया गया है। पुलिस पुत्रों ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि दुष्यंत कुमार शुक्ला निवासी गढी टोला उमरहट थाना नागौद का अपने खेत में बने अहरी के बारी में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा के पेड़ पौधे लगाया हुआ है। मौके पर पहुंच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 बी एनडीपीएसएक्ट का अपराध धारा कारित करना पाये जाने से मादक पदार्थ गांजा के 32 नग छोटे बडे हरे पेंड जिनका कुल बजन 18 किलो 200 ग्राम कीमती 1,20,000रुपये मादक पदार्थ गांजा के पेंड को साक्षियों के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक






खबर संक्षेप

## 12 वर्ष से फरार आरोपी स्थाई वारण्टी को पन्ना पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी एवं गिरफ्तारी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना धरमपुर के प्र.क्र. 176/08 धारा 379, 34 भादवि में घटना दिनांक से फरार आरोपी नफीस उर्फ भूरा पिता नसीर खाँ उम्र 34 वर्ष निवासी हडहा थाना नरैनी जिला बाँदा उ.प्र. के विरूद्ध माननीय न्यायालय (तेज प्रताप सिंह) न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अजयगढ (म.प्र.) द्वारा दिनांक 29/08/12 को स्थाई वारण्ट जारी किया गया था। आरोपी स्थाई वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा 5000 रूपये का ईनाम उद्घोषित किया गया था। उक्त स्थाई वारण्टी की तलाश पतारसी हेतु थाना प्रभारी धरमपुर उनि रवि सिंह जादौन द्वारा थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम के साथ मिलकर अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। साथ ही पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से वारण्टी के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुये मामले के स्थाई वारण्टी को दिनांक 22/03/24 को म.प्र.-उ.प्र. सीमा चौकिंग नाका रामनगर से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि रवि सिंह जादौन, पुलिस सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, चौकी प्रभारी खोरा सउनि विक्रम सिंह, प्र.आर. अरुण अहिरवार, आर. अखिल, वरूण, बृजेश, जीतेन्द्र मिश्रा, अजय पटेल, प्रभुदयाल एवं पुलिस सायबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को उद्घोषित ईनामी राशि से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## किसान ने दर्ज कराई अमानगंज तहसील में नामंत्रण आपत्ति

**अमानगंज।** जेके सीमेंट प्लांट मे किसानों के हितों के साथ बहुत बड़ा छलाबा किया जा रहा है सीधे सीधे किसानों के हकों पर डकैती डाली जा रही है। जेके प्लांट के कर्मचारियों द्वारा आवश्यकता अनुसार किसानों का बहुत ही चालसाजी के तहत इस्तेमाल किया जा रहा। जितनी जमीन जरूरत होती है उसकी गुप्त तरीके से सौदेबाजी की जाती है कुछ किसानों को बहला फुसला कर अच्छे रेट कहकर किसानों को फसाया जाता है, एक चेक देने के बाद महीनों तक चक्कर लगवाया जाता है और जब अंत मे किसान अत्यधिक परेशान होकर थक हार जाता है तब मनमर्जी का चेक बनाकर किसानों को थमा दिया जाता है। इसमे पूरा का पूरा जेके सीमेंट प्लांट का पूरा सिस्टम संलिप्त होता।ऐसा ही एक मामला ग्राम देवरा के एक किसान फूल बाई लुहार का देखने को मिला जिसको कंपनी के अधिकारियों द्वारा अच्छे रेट का वादा करके जेके सीमेंट कानपुर के नाम रजिस्ट्री करवा ली गई । देवरा हल्का के खसरा नं. 5/2 0.70 हेकटेयर भूमि की रजिस्ट्री करवा ली गई। अधिकारियों द्वारा किसान का 2 लाख रुपय हड़प लिए या यूँ कहे गोलमाल कर निगल गये। किसान के पास जितनी जमीन थी कंपनी के नाम कर ली गई और पैसे की हेराफेरी मामला निपटा दिया गया। जिसका फूल बाई लुहार द्वारा अमानगंज तहसील मे नामंत्रण आपत्ति का आवेदन दिया। अब किसान अधिकारियों की बातों मे आकर अपने आप को असहाय महसूस कर रहा है। जेके सीमेंट कर्मचारियों का यह रवैया चिंतनीय विषय है यदि ऐसा रहा होगा तो आज तक की तारीख तक देवरा पंचायत के साथ साथ क्षेत्र के सैकड़ो किसानों के पैसे का कितना फर्जीवाडा हुआ होगा भगवान जाने लेकिन जिन किसानों ने अभी तक जमीन बेची है वो अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है।जिसकी सुनने वाला कोई नहीं है,जो शासन और प्रशासन के जाँच का संबेदनशील विषय है।

# बुद्धि उम्र से नहीं बल्कि स्वमेव सोच से सामने प्रदर्शित होती है

**मुम्बई दौड़ता हुआ शहर फिर भी संवेदनशीलता व जो समाज के लिये कर सकें वह हमारी जिम्मेदारी -प्रेम कुमार पाण्डेय**

संस्कार व माता-पिता के पालन पोषण से जहां व्यक्तित्व स्वयं ही छलकता है वैसे ही संतान के कर्म आगे के लिये फलित होते है ऐसी ही दास्तां प्रेम कुमार जय पाण्डेय के बेटे अरनव प्रेम पाण्डेय में जानी गई।





पन्ना।

शिक्षा प्राप्त करने के लिये ऐसे बच्चे जो क्लास में नहीं बैठते कहीं न कहीं पढ़ने के समय जो दूसरों के लिये भी समस्या बनते है ऐसे बच्चों के लिये अरनव प्रेम पाण्डेय ने अपनी सोच से सुझाव दिया मोबाइल रखकर रिकार्ड का संदेश जाना चाहिये ताकि बच्चों में बिना मारपीट के भय रिकार्डिंग का हो जिससे पढ़ने के लिये क्लास में बैठेंगे।

प्रेम कुमार पिता जय पाण्डेय वर्तमान में मुम्बई में शिक्षा दिक्षा प्राप्त करके बैंकिंग के क्षेत्र में स्वयं सेवायें दे रहे है वहीं इनका बैक ग्राउण्ड पारिवारिक रूप से इनके दादा उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के है वहीं ससुराल जौनपुर जिला उ.प्र. में है। भले ही मुम्बई में पले बढ़े शिक्षा प्राप्त की लेकिन माता-पिता के संस्कारों से जो मिला वह इनके बच्चे अरनव प्रेम पाण्डेय में भी झलक मिली। पन्ना जिला मुख्यालय में पारधी कन्या छात्रावास में ऐसे बच्चों से मिलने पहुंचे थे प्रेम कुमार पाण्डेय जिनके माता-पिता होली जैसे पर्व में भी बच्चों को अपने घर ले जाने के लिये मजबूर है। दो वक्त की रोटी के लिये इनके माता-पिता आज भी दूर-दूर कोई बिहार तो गुजरात ऐसे महानगरों में काम की तलाश में जाते है अपनी बच्चियों को छात्र.ावास कुंजवन में पढ़ने के लिये छोड़कर जिनसे मिलने मुम्बई से प्रेम कुमार पाण्डेय व उनका बेटा अरनव प्रेम पाण्डेय सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास कुंजवन की छात्राओं से मिलकर उनकी शिक्षा के बारे में बखूबी जाना वहीं पारधी समाज की बच्चियां जिनके माता-पिता शिक्षा से कोसों दूर है। इन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिये शिक्षा प्रदान की जा रही है पर जब ये क्लास में गंभीरता से शिक्षा प्राप्त करने के लिये उचित नहीं मानती वहीं बात-बात में चर्चा के दौरान बालक अरनव प्रेम पाण्डेय ने सुझाव दिया इन छात्राओं को मोबाइल रखकर रिकाडिंग की बात बताई जाये जो बच्चे स्वयं नहीं पढ़ते या दूसरों के लिये व्यवधान उत्पन्न करते है जब इन्हें यह संदेश जायेगा कि इनके द्वारा पढ़ा नहीं जा रहा या पढ़ने नहीं दिया जा रहा यह सब रिकार्ड हो रहा है तो इनके अंदर भय व्याप्त होगा वहीं बिना मारपीट के इनमें बदलाव आयेगा और पढ़ाई करने के लिये इनमें दिशा तय होगी। इससे यह माना जाता है कि बुद्धि उम्र का पैमाना नहीं होती बल्कि सोच से स्वयं सार्थक होती है। अरनव प्रेम पाण्डेय अपने पिता प्रेम कुमार जय पाण्डेय के साथ मुम्बई से यहां बालिका छात्रावास कुंजवन में बच्चों से मिलने पहुंचे थे बखूबी बच्चों से मिले पहुंचे उनकी शिक्षा दीक्षा को लेकर अपने सुझाव भी दिये। प्रेम कुमार पाण्डेय भले ही मुम्बई में रहते है पर इनकी संवेदनशीलता देखते ही बनती है आज भी मजबूर लोगों के लिये कुछ कर गुजरने की तमन्ना रख्चाते है आपका सुझाव था इन छात्राओं में संस्कार के निर्माण को लेकर धार्मिक रूप से मंत्रों का ज्ञान साथ-साथ किस तरह से हमें किस देवता के बारे में क्या जानना चाहिये यह भी ज्ञात हो, धार्मिक शिक्षा भी आवश्यक है। गौरतलब बात यह है कि मुम्बई जो एक दौड़ता हुआ शहर है फिर भी प्रेम कुमार पाण्डेय समय निकाल कर वहां से पन्ना बालिका छात्रावास कुंजवन में छात्राओं से मिलने पहुंचे उनकी शिक्षा के बारे में संवेदनशीलता दिखाई तथा इन छात्राओं को खेल जगत में सफलता के लिये खेलों की शिक्षा व रनिंग के लिये प्रेरित किया क्योंकि इन छात्राओं की स्टेमिना अलग ही है जिससे ये खेल जगत में इन्हें दिशा मिलने से सफलता का मुकाम साबित होगा जिससे इन्हें अपने जीवन का मुकाम हासिल करने में सरलता होगी। वहीं इनकी सोच से इनके बेटे के संस्कार भी महज 8-10 वर्ष की उम्र के पड़ाव में अलग ही देखने में नजर आई जो माता-पिता से संस्कार मिलते है वह बच्चों में स्वयं ही दिशा तय करते है यह समाज के सभी अभिभावकों को अनुकरणीय है। अपनी संतान के लिये संस्कार का निर्माण तथा पूर्वजों से मिली शिक्षा दीक्षा के साथ आगे बढ़ें जिससे स्वयं ही सफलता व सम्मान मिलता है।

**श्रृद्धा के पुष्प अर्पित कर दी गई आजादी के अमर सपूतों**

## शहीद भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरु को श्रद्धांजलि



**पन्ना।** आज ही के दिन, 1931 में भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर ने देश की आज़ादी का सपना दिल में बसाकर मुस्कुराते हुए फांसी के फंदे को चूम लिया था। इन तीनों देशभक्तों को श्रद्धांजलि देने के लिए आज यानी 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है, इसी संज्ञान में उन्नत शिखर संघर्ष समिति पन्ना द्वारा संचालित गांधी चौक स्थित महाराजा छत्रसाल विधादान निःशुल्क अध्ययन केंद्र के विद्यार्थियों द्वारा शहीद भगत सिंह,सुखदेव तथा राजगुरु के छाया चित्र में श्रद्धा के पुष्प अर्पित कर उन्हें यादकर श्रद्धांजलि दी गई। संस्था समन्वयक शुभम शर्मा द्वारा अपने उद्बोधन में अमर सपूतों के बलिदान को सदैव स्मरण रखने की बात कही गई, खासतौर से वर्तमान परिवेश में ढले आज के युवाओं से अपील करते हुए संदेश दिया की हमारी आजादी के इन अमर सपूतों को कभी ना भूलें, जिनकी वजह से आज हम स्वतंत्रता के अम्बर तले सांस ले रहे हैं। हमे सदैव अपने गौरवमई इतिहास को स्मरण रखना है। इस दौरान अध्ययनरत विद्यार्थियों में दुर्गा कोरी,सरस्वती कुशवाहा,सोनू प्रजापति,सागर बंजारा,रोशनी कोरी,सपना कोरी,गंगा विश्वकर्मा, कृष्णा विश्वकर्मा, लक्ष्मी कुशवाहा, धीरेन्द्र चौधरी,अनिल आदिवासी, अभिषेक कुशवाहा,रवि कोंदर,आरती वर्मा,मनीष प्रजापति सहित बबलू कुशवाहा, मुमताज बेगम,लोकेश कुशवाहा शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।

## जिला स्तरीय शांति समिति की हुई बैठक

# आपसी सौहार्द्र एवं भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार - कलेक्टर

पन्ना।



जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में आगामी दिनों में विभिन्न त्यौहार शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में परस्पर भाईचारे की भावना के साथ मनाए जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। इस मौके पर नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा, अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह एवं समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। शांति समिति की बैठक में वर्तमान में प्रभावशील लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता और भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन कर सभी पर्वों को मनाने की अपील की गई। कलेक्टर श्री कुमार ने उपस्थितजनों को त्यौहारों की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्वों के दौरान कोलाहल नियंत्रण अधिनियम और उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित किया जाए। डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू रहेगा। उन्होंने कहा कि 24 मार्च को रात्रि 10 बजे तक होलिका दहन कर लिया जाए। इस दौरान यह ध्यान रखा जाए कि मुख्य चौराहों के स्थान पर सड़क के किनारे होलिका दहन हो। साथ ही विद्युत तार के नीचे होलिका दहन न करने तथा 25 मार्च को होली पर्व पर केमिकलयुक्त रंग का उपयोग नहीं करने का आग्रह भी किया। जिला कलेक्टर द्वारा त्यौहारों के मद्देनजर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की तैनाती सहित आवश्यक साफ-सफाई, निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति एवं पानी की व्यवस्था, निर्धारित समय पर नगरवासियों को पानी की सप्लाई, एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती, टैंकर, फायरब्रिगेड इत्यादि की समय पूर्व व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के पहले मिष्ठान दुकानों पर संयुक्त दल द्वारा सघन निरीक्षण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही जिला आबकारी अधिकारी को सोमवार, 25 मार्च को शुष्क दिवस के तहत मदिरा दुकानों को बंद रखने तथा मदिरा के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि होली एवं रामनवमी पर्व पर हाइवे सहित अन्य मार्गों पर वाहन चालकों से अवैध रूप से चंदा वसूली पर प्रतिबंध लगाने की कार्यवाही भी करें।

पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी पर्वों के दृष्टिगत सुरक्षा व यातायात व्यवस्था सहित पुलिस टीम द्वारा गश्ती की कार्यवाही इत्यादि के संबंध में अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर तेज आवाज और निर्धारित डेसीबल से अधिक आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तारक यंत्रों को जप्त कर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहारों से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए विधिवत अनुमति भी प्राप्त की जाए। पार्किंग व्यवस्था के साथ ही आवश्यक पुलिस व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने किसी भी अप्रिय स्थिति में संबंधित थाना में तत्काल सूचना देने के लिए कहा। इस दौरान प्राणनाथ मंदिर में 23 मार्च से एक अप्रैल तक होली उत्सव की जरूरी व्यवस्थाओं व श्रद्धालुओं की सुविधाओं के संबंध में चर्चा कर अन्य मंदिरों में भी प्रतीकात्मक रूप से होली पर्व मनाने के लिए कहा। त्यौहार सामग्रियों व प्रसाद के संबंध में दुकानों और प्रतिष्ठानों में दर सूची के प्रदर्शन सहित आवश्यकतानुसार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही तथा किसी घटना पर त्वरित नियंत्रण के उद्देश्य से आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

बैठक में ईद-उल-फितर त्यौहार के दौरान बादशाह सांई और बेनीसागर स्थित मस्जिद में नमाज की तैयारियों व ईद मिलन समारोह स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं सहित झूलेलाल जयंती पर रानीगंज गुरूद्वारा से निकलने वाले जुलूस तथा भगवान महावीर जयंती पर नगर में निकलने वाली प्रभात फेरी की आवश्यक तैयारी व व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की गई। साथ ही 9 अप्रैल को रामनवमी पर्व के तहत बैठकी के आयोजन और जुलूस इत्यादि के संबंध में मार्गों पर साफ-सफाई व्यवस्था सहित गुड फ्राईडे, अम्बेडकर जयंती, बुद्ध पूर्णिमा पर्व के आयोजन के लिए भी समिति सदस्यों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

# क्या सनातन में नदियों का स्थान सुरक्षित रखना लाजमी है





**जिले की केन नदी का अस्तित्व रेत के चलते खतरे में जल जीवों की जान प्रतिदिन जा रही दैत्याकार मशीनों से रेत का कारोबार संचालित जिम्मेदार बने बेखबर**

पन्ना।

कहने को तो सनातन धर्म राज्य हो या केन्द्र की सरकारें सत्ता में आने के लिये उचित मानती है हिदुत्व की दुहाई देती है पर क्या नदियों का स्थान हमारी राजनीति भूल गई क्या नदियों का अस्तित्व बनाये रखना लाजमी नहीं, जिले की केन नदी जो हमारी जीवन रेखा मानी जाती है जिसका अस्तित्व खतरे में जल जीवों की जानें खुलेआम कत्लेआम के रूप में की जा रही है दैत्याकार मशीनों से केन नदी में रेत का कारोबार फलित हो रहा है फिर भी जिम्मेदार बेखबर बने हुये है क्या कोई भागीरथी बन जायेगा जब केन नदी समाप्त हो जायेगी तो कहां से आयेगी

जिले में केन नदी से जिस तरह का रेत का कारोबार संचालित हो रहा है इसको लेकर जिम्मेदार बेखबर बने हुये है कहने को तो केन्द्र हो या राज्य की सरकार सनातन धर्म की बात की जाती है हिन्दुत्व की दुहाई दी जाती है पर क्या नदियों का स्थान इनके दिलों में याद आयेगा। हमारी पवित्र नदी केन जिसका अस्तित्व आज खतरे में है जल जीवों का विनास तो प्रतिदिन कत्लेआम करके किया जा रहा है। दैत्याकार मशीनों से रेत की खुदाई केन नदी में बखूबी देखी जा सकती है आखिरकार यह कैसा कारोबार कहने को तो एन.जी.टी. पर नियम क्या वास्तविकता में केवल स्वीकृति लेने के लिये वहीं मौके पर नदी में न कोई नियम न कोई भय बखूबी एल.एन.टी. मशीनों से खुदाई जहां पानी वहा लिफ्टर से रेत निकालने के लिये कार्य किया जाता है। आखिरकार केन नदी की बास्तविक हालात को क्या जिम्मेदार जनप्रतिनिधि या अधिकारी देखकर खुद जवाब देंगे आखिरकार किस नियम के तहत केन नदी का अस्तित्व समाप्त किया जा रहा है यह रेत का कारोबार पैसों की भूख के चलते क्या नदी का स्थान समाप्त करके ही मानेगा। क्या गांवों में लोगों के लिये नदी के पानी की जरूरत नहीं या फिर नदी समाप्त करने के लिये महज चन्द लोगों के ऊपर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की कृपा बराबर इसी तरह बनी रहेगी। भावी समय जो आयेगा वह संकट को लेकर कौन जिम्मेदार होगा क्या केन नदी के अस्तित्व को बचाये रखने के लिये रेत के कारोबार पर गौर किया जायेगा आखिरकार नियमों का पालन कराये जाने को लेकर सरकार बेतन देती है तो क्या यहां कर्तव्य निभाना उचित नहीं या फिर जन आंदोलन की जरूरत आखिरकार नदी बचाने के लिये अब ग्रामीणों को ही जागना होगा जिससे इन जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार अधिकारियों की नींद आखिरकार खोलना उचित होगा। आखिरकार कैसे केन नदी जो हमारे गांवों के लिये जीवन दायनी है जिसका जीवन बहती धारा सभी ग्रामीणों के लिये जरूरी है आखिरकार कब तक यह चुप्पी बनी रहेगी आखिर टूटेगी ही।

## शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाई होली पर्व का त्यौहार- महेन्द्र भदौरिया

अमानगंज।



शनिवार को पुलिस थाना अमानगंज में आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अमानगंज नायब तहसीलदार हेमंत अवधिया और थाना प्रभारी महेंद्र भदोरिया सहित नगर की गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में बैठक आरंभ हुई। बैठक में थाना प्रभारी महेंद्र भदोरिया द्वारा होली पर्व मनाए जाने को लेकर विभिन्न चर्चाएं की और नगर के गणमान्य नागरिकों से सुझाव मांगे, ताकि होली का पर्व शांति, सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाया जा सके और कोई किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो। होलिका दहन एवं रंग पंचमी पर रंग भरी होली के मौके पर कहां-कहां पुलिस की विशेष आवश्यकता है यह जानकारी भी नागरिकों से ली गई और सभी से अपील की की शराब के नशे में वाहन ना चलाएं, मोटरसाइकिल में हेलमेट और फोर व्हीलर में सीट बेल्ट लगाकर ही यात्रा करें एवं कम उम्र के बच्चों को वाहनों की रफ्तार को सीमित रखना के लिए कहें।



# थाना गुनौर में होली के संबंध में शांति समिति की बैठक संपन्न



गुनौर।

थाना गुनौर परिसर में शांति समिति की बैठक के आयोजक अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गलेडवन सर एवं मनोरमा मैडम तथा डॉक्टर आशीष तिवारी कीऱ नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना मलखान सिंह उपस्थिति में शांति समिति की बैठक में विशेष रूप से जनता के बीच चर्चा हुई जिसके तहत बताया गया कि होली के त्यौहार में जहां पर होलका का दहन किया जावे जहां बिजली के खंबे ना हो एवं किसी की फसल में होलका दहन की प्रक्रिया नहीं की जावे इस प्रकार sdop सर ने बताया की होली की फाग में पुलिस अपना कार्य परिपूर्ण करेगी जिससे किसी भी तरह से लोगो को परेशानी न हो सके मीटिंग के संबंध में सभी पत्रकार बंधु लोग एवं कपिल बाल्मिक की उपस्थिति में मीटिंग का समापन किया गया

## 27 मार्च को रहेगा स्थानीय अवकाश

पन्ना।

जिला कलेक्टर द्वारा विगत 17 जनवरी को पन्ना जिले के लिए घोषित तीन स्थानीय अवकाश के तहत बुधवार, 27 मार्च को भाईदूज पर स्थानीय अवकाश रहेगा। स्थानीय अवकाश दिवस पर लोकसभा निर्वाचन से संबंधित प्रशिक्षण, बैठकें व अन्य गतिविधियां इत्यादि यथावत संचालित होंगी।

## खबर संक्षेप

### बागेश्वर महाराज ने पत्रकारों से की चाय पर चर्चा



**छतरपुर।** संतों की पुण्य धरा बागेश्वर धाम में शनिवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पत्रकारों से चाय पर चर्चा करते हुए कहा कि होली का धाम में भव्य कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है जिसमें मीडिया की भी उपस्थिति अनिवार्य है। महाराजश्री ने शिवरात्रि के पावन पर आयोजित सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव के सफल आयोजन में मीडिया की सराहनीय भूमिका रहने पर सभी मीडिया साथियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि 25 मार्च को होली के रंग बालाजी के संग का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।शनिवार को आयोजित एक भेंटवार्ता में महाराजश्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि बागेश्वर धाम में 25 मार्च को होने वाले होली महोत्सव में देश-विदेश के बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी बागेश्वर धाम पहुंच रहे हैं। पिछले दो दिनों से लोगों के आने की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। होली हो और हुड़दंग न हो ऐसा भी नहीं हो सकता। मस्ती के रंग में रंगने और बालाजी की कृपा प्राप्त करने लोग बागेश्वर धाम आ रहे हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से धर्मप्रेमियों से आग्रह किया कि वे रंगों के पर्व होली में बालाजी का आशीर्वाद लेने अवश्य पधारें। महाराजश्री ने पट्टी पहनाकर पत्रकारों का सम्मान किया।

### आगजनी में नष्ट हुई खेत में रखी फसल



**छतरपुर।** बड़ामलहरा क्षेत्र के ग्राम रानीताल में एक किसान की फसल उसके खेत में रखी हुई थी। शनिवार को अज्ञात कारणों से कटी फसल में आग लगने के कारण पूरी फसल जलकर खाक हो गई, जिसके बाद से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। फसल के साथ-साथ खेत पर बनी झोपड़ी भी खाक हो गई है, जिसमें कुछ सामान रखा हुआ था। पीड़ित किसान फूलचंद्र सेन ने बताया कि आगजनी में करीब 8 क्विंटल चना और 10 क्विंटल मटर नष्ट हो गई है, जो कि पिछले 6 माह में कड़ी मेहनत कर उसने उगाई थी।

### ग्राम बरायच खेरा से पकड़ी गई 135 लीटर अवैध शराब

**छतरपुर।** कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम बरायचखेरा में चक्रधारी पटेल नामक व्यक्ति द्वारा अवैध शराब का भंडारण किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस बरायच खेरा पहुंची। संबंधित स्थान की तलाशी लेने पर सनी माल्टेड व्हिस्की कंपनी की 15 पेटियां पाई गईं, जिनमें कुल 135 लीटर शराब थी। जप्त की गई अवैध शराब की कीमत 75 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से भाग निकला था। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम धारा 34/2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसकी तलाश शुरु की है।

### सरेआम शराबखोरी करने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा

**छतरपुर।** अनैतिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सीएसपी अमन मिश्रा ने शनिवार को जिला मुख्यालय के छत्रसाल चौक के पास सरेआम शराबखोरी कर रहे संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि छत्रसाल चौक से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित बीएसएनएल ऑफिस के सामने वाले यात्री प्रतीक्षालय में कुछ संदिग्ध लोगों के होने तथा उनके द्वारा शराबखोरी किए जाने की सूचना मिली थी।

---

छतरपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुकवां का मामला..

# नहर के ऊपर कर दिया सामुदायिक भवन निर्माण

नौगांव

छतरपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सुकवां में ग्राम सरपंच ,सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत और लापरवाही से खेतों में सिंचाई के लिए डली नहर को बंद कर उसके ऊपर सामुदायिक भवन का निर्माण कर दिया। ऐसे में जब नहर का मार्ग अवरूद्ध कर भवन का निर्माण कर दिया तो नहर के माध्यम से खेतों में सिंचाई करने वाला पानी खेतों तक कैसे पहुंचेगा। हालांकि सरपंच पति नहर को कई वर्षों से बंद होने का कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं, तो वहीं उपयंत्री कुछ भी कहने से बच रहे हैं। इस मामले में जिला पंचायत सीईओ तपस्या सिंह परिहार में मामले में जांच करवाने की बात कही है।

सरकार किसानों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने और किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कई तरहकी योजनाएं बनाकर उन पर क्रियान्वन कर रही है। इसी के तहत किसानों को सिंचाई के लिए पानी खेतों में ही उपलब्ध कराने एवं बुंदेलखंड की भूमि को सिंचित करने के लिए सरकार केन बेतवा नदी लिंक परियोजना के तहत 45 हजार करोड़ रुपए खर्च कर कृषि भूमि को सिंचित बनाने के प्रयास में जुटी हुई है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन के नुमाइंदे कृषि भूमि सिंचित करने की पूर्व की योजनाओं को धता बताते हुए नहरों को ही बंद करने में जुटे हुए हैं, इतना ही नहीं ग्रामीण पंचायत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नहरों के ऊपर सामुदायिक भवन आदि का निर्माण तक करा रहे हैं। ऐसे में नहर अवरुद्ध कर भवन निर्माण होने से भूमि सिंचित होना तो दूर नहरों का पानी खेतों में ही नहीं पहुंच पाएगा। मामला छतरपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सुकवां का है, जहां पर ग्राम पंचायत सरपंच शकुंतला बलदेव अहिरवार, सचिव शिवनारायण पटेल और उपयंत्री बालकेश चौरसिया सहित अन्य ग्रामीण एवं पंचायत विकास विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत और लापरवाही का नमूना है कि उन्होंने 4 लाख रुपए की विधायक निधि से सामुदायिक भवन का निर्माण तो कराया। लेकिन विकास कार्य के नाम पर खेतों को सिंचित करने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा डाली गई गोरा ताल नहर को ही अवरुद्ध कर सामुदायिक भवन का निर्माण करा दिया। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने क्षेत्र के सबसे प्राचीन गोरा तालाब से आसपास के खेतों को सिंचित करने के लिए नहर को अवरुद्ध कर भवन निर्माण कराने के साथ नहर को बंद कर दिया। अब ऐसे में



जब आगामी समय में तालाब से खेतों को सिंचित करने के लिए नहर से पानी छोड़ा जाएगा तो पानी खेतों में ने पहुंचने के चलते किसानों को फसलें सूखने की कगार पर पहुंच जाएगी। ग्राम पंचायत के अधिकारियों ने किसानों के बारे में ने सोचते हुए नहर अवरुद्ध कर सामुदायिक भवन का निर्माण करा दिया है। अब ऐसे में आगामी दिनों में नहर से पानी न पहुंचने के कारण किसानों को सिंचाई के पानी के लिए दो चार होना पड़ेगा। इस मामले में ग्राम पंचायत सरपंच पति बलदेव अहिरवार का कहना है कि नहर कई सालों से बंद हैं कोई उपयोग नहीं हो रहा है, इसलिए सामुदायिक भवन का निर्माण कराया है, तो वहीं निवर्तमान उपयंत्री बालकेश चौरसिया कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

**इनका कहना है -**

नहर के ऊपर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता है, इस मामले की एसडीओ से जांच करा लेते हैं, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**आशीष महाजन**
**ईई ,जल संसाधन विभाग छतरपुर संभाग**

---

# जॉब फेयर के आयोजन के सन्दर्भ में बैठक का किया गया आयोजन



**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा प्रस्तावित जॉब फेयर के आयोजन के सन्दर्भ में बैठक आयोजित की गई जिसमें विश्वविद्यालय के उपकुलपति गिरीश त्रिपाठी द्वारा इस आयोजन की सहमति प्रदान की गई तथा उन्होंने इस आयोजन के लिए अग्रिम शुभकामनायें देते हुए कहा इस प्रकार के आयोजन क्षेत्र के युवाओं को रोजगार प्रदान करने एवं भविष्य को सवांरने हेतु अत्यंत आवश्यक है। जॉब फेयर मे छात्रो को अपनी रूचिअनुसार कार्य व कंपनी चुनने की स्वतंत्रता प्राप्त होती है वही विभिन्न कम्पनियों को भी शिक्षित, एवं कौशलयुक्त युवाओं का चयन करने में आसानी होती है।

श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री विजय सिंह जी ने आयोजन की सफलता की शुभकामनाये देते हुये कहा कि यह छात्रों के लिये स्वर्णिम अवसर है तथा अपने क्षेत्र के युवाओं को विश्वविद्यालय कैंपस से रोजगार दिलाने के लिए विश्वविद्यालय दृढ़ संकल्पित है। विश्वविद्यालय सदैव छात्रों के बहुमुखी प्रतिभा के विकास के लिए तत्पर रहता है तथा विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिये इस प्रकार के आयोजन आगे भी निरंतर करता रहेगा। इस बैठक में जॉब फेयर से जुड़े समस्त पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई यह जॉब फेयर सभी के लिये पूर्णतः निःशुल्क रहेगा व इसमे क्षेत्र के सभी स्कूल, कालेज एवं विश्वविद्यालय के छात्र-छात्रायें निःशुल्क पंजीयन कर के प्रतिभाग कर सकते है।

इस बैठक में वाणिज्य विभाग प्रमुख डॉ. आशीष पचौरी, प्रबंधन विभाग प्रमुख डॉ. राजेन्द्र चौधरी, डॉ. शिवेन्द्र सिंह परमार, श्री सुदर्शन बबेले एवं वाणिज्य व प्रबंधन विभाग के समस्त प्राध्यापकगण मौजूद रहे। जॉब फेयर के संयोजक डॉ. राजेन्द्र चौधरी जी ने बताया कि इस जॉब फेयर का अयोजन 5 अप्रैल 2024 को विश्वविद्यालय कैंपस में किया जायेगा तथा इसमें फिलाटेक्स लिमिटेड, चौरसिया एग्रो इंडस्ट्रीज, एल.आई.सी ग्रुप और एन.के.एस. टेक्नोलॉजी एवं अन्य कम्पनियों द्वारा प्लेसमेंट दिया जाएगा। इस जॉब फेयर में 10 वीं 12वीं पास से लेकर स्नातकोत्तर तक एवं आई.टी.आई. इंजीनियरिंग व प्रबंध के छात्रों को उनकी योग्यतानुसार विभिन्न पदो पर चयनित किया जायेगा। ऑफलाइन पंजीयन विश्वविद्यालय के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग में तथा ऑनलाइन पंजीयन विश्वविद्यालय की बेवसाइट तथा क्यूआर कोड या गुगल लिंक के माध्यम से किया जा सकता है।

### नव नवागत एसपी ने किया नौगांव थाना का निरीक्षण

**नौगांव।** नवागत एसपी अगम जैन ने नौगांव पुलिस थाना पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी जैन ने थाना प्रभारी सतीश सिंह और एसडीओपी चंचलेश मरकाम को लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए थाना क्षेत्र के यूपी से लगने वाले बॉर्डर प्वाइंट का भी निरीक्षण किया।नव नवागत एसपी अगम जैन ने छतरपुर जिले में ज्वाइन करने के बाद नौगांव पुलिस थाने का औपचारिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी अगम जैन ने एसडीओपी चंचलेश मरकाम और टीआई सतीश सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसपी जैन पुलिस थाना परिसर में आधा घंटे रुके और उन्होंने पेंडिंग केसों को निपटाने सहित आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद एसपी अगम जैन ने एसडीओपी चंचलेश मरकाम और थाना प्रभारी सतीश सिंह के साथ थाना क्षेत्र से लगे उत्तर प्रदेश के बॉर्डर पर बने चेकिंग प्वाइंट का निरीक्षण किया।

## धर्म ध्वज यात्रा के साथ हुआ रामनवमीं महोत्सव का शंखनाद

## हनुमान टौरिया मंदिर पर ध्वज पूजन के साथ फहराया धर्म ध्वज



**छतरपुर।** श्री राम सेवा समिति के तत्वाधान में विगत 18 वर्षों से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। उसी क्रम में 19वें वर्ष के आयोजन की तैयारियों को लेकर छतरपुर नगर में संतों की अगुवाई में एक विशाल धर्म ध्वज यात्रा निकाली गई।यात्रा में जानराय टोरिया निर्मोही अखाड़ा के महंत भगवानदास श्रृंगारी महाराज, कोशलेंद्र दास, माधव दास, सुधाकर दास, बालक दास रामायणी, रामकेश दास, पंजाब से हरिराम दास तथा विंद्रावन से पंडित अनिल कुमार शास्त्री महराज श्री राम सेवा समिति के संयोजक राकेश तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

समिति के गिरजा पाटकर ने बताया कि यह धर्म ध्वज यात्रा बड़ी धूमधाम से ढोल नगाड़े डीजे के साथ गांधी चौक बाजार से प्रारंभ होकर हटवारा, मऊ दरवाजा, बस स्टैंड, जवाहर रोड होते हुए हनुमान टोरिया मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान राम भक्त हर्षोल्लास से जय श्रीराम के नारों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। यात्रा मार्ग में जगह जगह धर्म प्रेमियों द्वारा ध्वज यात्रा में चल रहे सभी भक्तों पर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। ध्वज का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से हनुमान टोरिया के महंत राजू महाराज द्वारा पूजन किया गया तथा उपस्थित सभी सदस्यों ने श्री राम जानकी सरकार एवं हनुमान जी महाराज से पूरे कार्यक्रम को निर्विघ्न संपन्न कराने की विनती की। तत्पश्चात मंदिर के शिखर पर ध्वज पताका फहराया गया।

इस अवसर पर श्री राम सेवा समिति के सदस्य अखिलेश मातेले, डालडा राजू पटवा, संजू त्रिपाठी, गिरजा पाटकर, प्रमोद सोनी, दीपक गुप्ता, दीपक गोयल, संजय गुप्ता, प्रदीप सेन, तरुण वाजपेई, सौरभ तिवारी अभिषेक मिश्रा, प्रद्युम्न गुप्ता, पप्पू नेता, गजेंद्र चौरसिया, पप्पू अग्रवाल, मगन पंडित, मनीष गुप्ता भोले आनन्द अग्रवाल दिनेश पहारिया संजय जैन श्याम जी गुप्ता प्रदीप दुबे कृष्णा मोनू भुर्जी नितिन समारी शिवम नामदेव मंगल सिंह सहित नगर के सैकड़ों रामभक्त और अनेक सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

---

गांजा तस्करी में शामिल हैं पिता-पुत्र, दोनों पर मामला दर्ज

# अवैध गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा



**छतरपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाई जा रही नशा विरोधी मुहिम के तहत संपूर्ण जिले में कार्रवायी की जा रही है। इसी क्रम में कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध गांजा का विक्रय करने की फिराक में घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से पुलिस को करीब डेड़ किलो अवैध गांजा मिला है। बताया गया है कि उक्त गांजा युवक के पिता ने उसे बेचने के लिए दिया था। पुलिस ने पिता-पुत्र को आरोपी बनाकर मामला पंजीबद्ध किया है।

कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान टौरिया मोहल्ले में एक व्यक्ति के पास अवैध गांजा होने की सूचना उन्हें मुखबिर से मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टौरिया मोहल्ला पहुंची जहां पुलिस को देखकर संदेही भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास कपड़े की सफेद थैली में अवैध गांजा मिला। पकड़े गए युवक ने अपना नाम मौसम खान उम्र 22 वर्ष निवासी टौरिया मोहल्ला बताया है। जप्त गांजा की तौल 1524 ग्राम है, जिसकी कीमत 22 हजार 500 रुपए आंकी गई है। पूछताछ में मौसम खान ने बताया कि उक्त गांजा उसके पिता महबूब खान ने उसे बेचने के लिए दिया था। थाना कोतवाली में दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम धारा 8/20 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मौसम खान को न्यायालय में पेश किया गया है, जबकि उसके पिता महबूब खान की तलाश की जा रही है। कार्यवाही में थाना प्रभारी अरविंद कुजूर के अलावा उप निरीक्षक नंदकिशोर सोलंकी, प्रधान आरक्षक अरविंद कुशवाहा, मनोज साहू, दुबेश सोनकर, आरक्षक धर्मेंद्र, अभिषेक एवं विकास खरे की सराहनीय भूमिका रही।

# दहशत फैलाने और शांति भंग करने वाले तीन आदतन अपराधी गिरफ्तार



**छतरपुर।** गुलगंज थाना क्षेत्र में अवैध हथियार दिखाकर दहशत फैलाने और शांति भंग करने वाले तीन आदतन अपराधियों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही पुलिस द्वारा की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई है। पकड़े गए दो अपराधियों पर आयुध अधिनियम तथा एक के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।गुलगंज थाना प्रभारी उप निरीक्षक गुरूदत्त शेषा ने बताया कि देहात भ्रमण के दौरान उन्हें सूचना प्राप्त हुई कि गुलगंज कस्बे का रहने वाला दीपचंद उर्फ मुटई हाथ में छुरा लिए दहशत फैला रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने घेराबंदी कर दीपचंद उर्फ मुटइ को छुरा सहित दबोच लिया। छुरा जप्त करते हुए आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। इसी तरह एक अन्य सूचना के आधार पर डिकौली तिराहा से शोभाराम उम्र 35 साल निवासी गुलगंज को छुरा सहित अभिरक्षा में लिया गया। दोनों के विरुद्ध थाना गुलगंज में आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किए गए हैं। इसके अलावा गुलगंज कस्बे में राहगीरों को परेशान कर रहे राकेश उर्फ रेशू उम्र 26 साल को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

---

## रंग, अबीर, मुखौटों और लुभावनी पिचकारियों की भरमार



**छतरपुर।** रंगों के पर्व होली को लेकर शहर के बाजार सज गए हैं और बाजारों में रौनक बढ़ गई है। होली खेलने के शौकीन लोगों को बाजार में सजी दुकानें अपनी ओर आकर्षित करने का काम कर रही हैं। हालांकि बाजार में अभी भीड़ नहीं उमड़ रही है लेकिन सामान्य खरीददारी का दौर जारी है।

बाजार में हर्बल रंग, कई प्रकार की महकदार गुलाल, खाद्य पदार्थ, पिचकारी आदि की दुकानें सज गई हैं। मोदी नकाब से लेकर नकली बाल तक बाजार में उपलब्ध है। चौक चौराहों पर अस्थाई दुकान सजी हुई हैं, जिन पर बच्चों के लिए बिल्ली, चूहा, डॉग, शेर, भालू, बाघ आदि के मुखौटे उपलब्ध हैं। कुछ डरावने मुखौटे बच्चों के लिए आकर्षण बने हुए हैं। होली सामग्री के थोक विक्रेताओं से लेकर छोटे व्यापारियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। दुकानदार आशीष गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष बाजार में हर्बल रंगों की मांग अधिक है, इसलिए ज्यादातर दुकानों पर प्राकृतिक रंग मंगवाए गए हैं। पिचकारियों के साथ रंग, अबीर और गुलाब की बिक्री शुरू हो गई है। बाजार में जहां हर्बल रंग 10 रुपए से लेकर 50 रुपए तक डब्बे में उपलब्ध है। वहीं अबीर गुलाल के पैकेट मात्रा के हिसाब से 10 से लेकर 50 रुपए में बेचे जा रहे हैं। बाजार में 50 से लेकर 500 रुपए तक के पिचकारी उपलब्ध हैं। इस वर्ष बाजार से चाइनीज सामग्री पुरी तरह से गायब है, सभी दुकानों पर देशी सामग्री का विक्रय हो रहा है। इसी तरह एक अन्य दुकानदार ने बताया कि बाजार तो सजकर तैयार हो चुका है लेकिन अभी तक ग्राहकों का आना शुरु नहीं हुआ है, आर्थात मंदी का माहौल है। उन्होंने बताया कि मंदी का एक कारण अप्रैल माह में भी स्कूलों का लगना है।

## 19 सालों से पुलिस को चकमा दे रहा था आरोपी उत्तरप्रदेश से पकड़ लाई पुलिस, भेजा गया जेल

**छतरपुर।** वर्ष 2005 में गौरिहार थाना क्षेत्र के मवई घाट में तीन लोगों ने मिलकर एक व्यक्ति की हत्या की थी। इस प्रकरण के दो आरोपियों को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था किंतु एक आरोपी पिछले 19 वर्षों से लगातार पुलिस को चकमा दे रहा था। शनिवार को पुलिस ने उक्त हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।




गौरिहार थाना प्रभारी निरीक्षक उदयवीर सिंह तोमर ने बताया कि गौरिहार थाना क्षेत्र के देवास ग्राम मवई घाट में मोहन पटेल निवासी ग्राम परसितपुर की वर्ष 2005 में तीन लोगों ने मिलकर हत्या की थी। वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी थी, जबकि एक आरोपी राजाबेटा पटेल निवासी माखनपुर थाना कालिंजर जिला बांदा उत्तर प्रदेश 19 वर्षों से फरार चल रहा था। बीते रोज गौरिहार पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर राजाबेटा पटेल को उसके गांव से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त कार्यवाही एसपी द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लवकुशनगर एसडीओपी के मार्गदर्शन में की गई

## जल संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान

**छतरपुर।** विश्व जल दिवस पर महर्षि विद्या मंदिर देरी रोड द्वारा आम लोगों के मध्य जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दो दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रथम दिन विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षकाओं द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों चौराहों पर एकत्रित होकर लोगों को जल के महत्व व उसके बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया। वहीं दूसरे दिन बाइक रैली के माध्यम से जल संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा को लेकर लोगो को स्वयं जागरूक होने का आवाहन किया गया। यह रैली दिरी रोड से प्रारम्भ हुई जो विवेकानंद तिराहा, आकाशवाणी, बस स्टैंड, चौक बाजार, महल रोड, पुराना पन्ना नाक से होते हुए छत्रसाल चौराहे पर समाप्त हुई।

इस अवसर पर पंकज जैन, प्रमोद दुबे, रामलखन शर्मा, रामफल मिश्रा, प्रमोद शर्मा, मनोज दीक्षित, धनेंद्र द्विवेदी, इंद्रेश चतुर्वेदी, अमित सक्सेना आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। विद्यालय प्राचार्य सीके शर्मा ने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि जल संरक्षण हमारा नैतिक दायित्व होना चाहिए। इसके लिए हमे केवल हमारे स्वयं के द्वारा होने बाले जल अपव्यय को रोकना होगा।

# सड़क दुर्घटना में घायल हुए दो युवक, एक की मौत



छतरपुर

बीते रोज बिजावर के समीप किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार दो युवक घायल हो गए थे, जिनमें से एक युवक की शनिवार को मौत हो गई है। मृतक का पोस्टमार्टम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है, जबकि घायल का इलाज अब भी जारी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बकस्वाहा का रहने वाला देवी सिंह पुत्र गोपाल सिंह उम्र 40 वर्ष अपने साथी लल्लू राजा उर्फ मुन्ना राजा के साथ पेशी करने के लिए पन्ना गया था। पेशी के बाद वापिस घर लौटते समय बिजावर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को बिजावर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रात भर दोनों का उपचार किया गया। शनिवार की सुबह गंभीर हालत के चलते देवी सिंह को जिला अस्पताल रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किए जाने के बाद देवी सिंह का शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### पेंशन उत्पाद में निवेश करने उच्च ब्याज दर में सहायक

रीवा। कई बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ महीनों में भारत में ब्याज दरों में लगभग 7 प्रतिशत के मौजूदा स्तर से गिरावट आएगी, जिससे ग्राहकों को वार्षिकी उत्पाद में वर्तमान ब्याज दर पर अपने निवेश को लॉक.इन करने का मौका मिलेगा। आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड पेंशन प्लान फ्लेक्सी वार्षिकी उत्पादों में सबसे अलग है क्योंकि यह ग्राहकों को व्यवस्थित निवेश करके सेवानिवृत्ति निधि बनाने में मदद करता है। यह सेवानिवृत्ति के बाद एक निश्चित और स्थिर आय सुनिश्चित करता हैए जो भारत जैसे बाजार में विशेष रूप से फायदेमंद है।

### लोकसभा निर्वाचन के लिए 26 अप्रैल को होगा मतदान

रीवा। निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। रीवा संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 15 के तहत निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 28 मार्च को अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही नामांकन पत्र जमा करने का क्रम शुरू हो जाएगा। नामांकन पत्र रिटर्निंग आफीसर अथवा सहायक रिटर्निंग आफीसर के समक्ष कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में कलेक्टर न्यायालय कक्ष में दाखिल किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 4 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। नामांकन पत्रों की जाँच 5 अप्रैल को की जाएगी। उम्मीदवार 8 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। नाम वापस करने की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

### कम्युनिकेशन प्लान से मिलेगी समय पर हर सूचना

रीवा। मतदान दिवस में निर्वाचन से जुडी प्रत्येक घटना की सूचना के लिए कम्युनिकेशन प्लान बनाया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि कम्युनिकेशन प्लान के लिए वनमण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। उन्हें सहयोग देने के लिए जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कम्युनिकेशन प्लान को क्रियान्वित करने के लिए विधानसभावार दल तैनात किए गए हैं। तैनात दल मतदान से दो दिवस पूर्व अपना कार्य प्रारंभ कर देंगे। कलेक्टर ने कहा कि कम्युनिकेशन प्लान में दर्ज सभी मोबाइल तथा टेलीफोन नम्बरों का परीक्षण मतदान दिवस से पहले अनिवार्य रूप से कर लें। लगभग सभी मतदान केन्द्रों में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा है। जिन मतदान केन्द्रों में अभी मोबाइल नेटवर्क कमजोर है वहां वायरलेस सेट के माध्यम से सूचना देने की व्यवस्था करें। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दिवस के पूर्व कम्युनिकेशन प्लान के लिए तैनात कर्मचारी बीएलओ से अनिवार्य रूप से सम्पर्क करें। उन्हें मोबाइल से संदेश प्राप्त करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दें। मतदान दल के सदस्य भी एनआईसी के माध्यम से विकसित किए गए विशेष कम्प्यूटर प्रोग्राम में मोबाईल से एसएमएस के माध्यम से संदेश भेजेंगे। इन संदेशों का तत्काल विश्लेषण करके उनके अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करें। विधानसभावार तैनात दल मतदान दिवस में प्रत्येक महत्वपूर्ण सूचना को जिला स्तरीय केन्द्र तथा कंट्रोल रूम को अवगत कराएंगे।

### नामांकन के समय उम्मीदवार को देना होगा नये बैंक खाते का विवरण - कलेक्टर

रीवा। रीवा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों को नया बैंक खाता खुलवाना अनिवार्य होगा। नये बैंक खाते से ही लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक उम्मीदवार निर्वाचन व्यय कर सकेंगे।

## अर्थ बिल्डर्स डेवलेपर्स के चेयरमैन पर

# ग्राहकों ने लगाया धोखाधड़ी का आरोप, थाने पहुंचा मामला

अर्थ बिल्डर्स डेवलेपर्स के चेयरमैन ने कि ग्राहकों के साथ के धोखाधड़ी की शिकायत लेकर दर्जनों ग्राहक सामान थाना पहुंचकर शिकायत पत्र देकर पुलिस से जांच करने की मांग की है शिकायत पत्र में फरियादी ग्राहकों ने बताया कि रीवा में अर्थ बिल्डर्स समदडिया बिल्डींग A-ब्लैक 311 में ऑफिस चल रही है।



रीवा

जहां नीरज ललित प्रताप सिंह द्वारा ग्राहकों को प्लाट देने हेतु पूरी राशि दो वर्ष ले ली गई है चोरहटा में प्लाट देने के लिए बोला गया था, लेकिन उनके द्वारा न ही पैसा लौटा जा रहा है और नहीं जमीन दी जा रही है। वही अपनी कम्पनी के नाम से जमीन लेने हेतु कई इनवेस्टर लगाकर उनके साथ हर महीने ई यम आई एवं तीन गुना पैसा, तीन साल के अन्दर लौटाने हेतु विधिवत ऐग्रीमेंट किया गया था, लेकिन न ही ईएमआई दी जा रही है और न. ही इनवेस्टर का पैसा दिया जा रहा है संपर्क करने पर बहुत सारे इनवेस्टरों का फोन ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है किसी तरह से सम्पर्क करने पर नीरज ललित सिंह द्वारा गाली गलौज के साथ बहुत अन्य तरह की गालियां देकर धमकी दी जाती है नीरज ललित प्रताप सिंह द्वारा पेपर एवं बाउसर में ग्राहकों को फसाने हेतु कई तरह से लालच दिया जाता है और कहां जाता है कि मैं जमीन को फुल डवलेपमेन्ट करके दूंगा पर आज दिनांक तक किसी भी तरह से डवलेपमेन्ट नहीं किया गया है इनका एक प्रोजेक्ट सिरमौर दुलेहरा में है जिसमें ग्राहकों का पैसा चार साल से लिये है पर डेवलपेन्ट कुल भी नहीं हुआ है। इसी तरह से अगडाल एवं चोहरटा में भी ग्राहकों से पैसा लेकर कोई डेवलपमेन्ट नहीं किया गया है वही नीरज ललित प्रताप सिंह द्वारा रीवा से बीस करोड रूपये इनवेस्टमेन्ट के नाम पर बीस करोड रूपये ग्राहकों से लेकर धोखाधडी एवं झूठ बोलकर ठग लिया गया एवं छोटी एवं बड़े शहरों में इनके कई ऑफिस चल रहे है जैसे ऑफिस जाते है तो उनको ऑफिस के कर्मचारियों द्वारा इधर-उधर से भटकया जाता है और कम्पनी के एकाउन्टे अशना श्रीवास्तव एवं सीईओ प्रिया तिवारी द्वारा अशब्दों का उपयोग कर ऑफिस से भगा दिया जाता है। यह कि नीरज ललित प्रताप सिंह द्वारा अपना नाम एवं पता बदलकर लोगों को झूठा फसाया जाता है और पैसा लेकर दूसरी जगह भाग जाता है। दर्जनों ग्राहक शनिवार को शिकायत पत्र के माध्यम से सामान थाना व पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर पुलिस से जांच करा कर मामला पंजीब्ध करने की मांग की है हालांकि पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायत पत्र स्वीकार किया गया है और कार्रवाई करने की बात कही गई है

### इनका कहना है

दर्जनों लोग थाने आकर शिकायत पत्र दिए हैं कि अर्थ बिल्डर्स डेवलेपर्स के चेयरमैन नीरज ललित प्रताप सिंह ने धोखधड़ी की है। मामले को संज्ञान में लिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में सिद्ध होने के बाद बिल्डर के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**निरीक्षक, हितेंद्रनाथ शर्मा**
**थाना प्रभारी**

# एमसीएमसी टीम को दिया गया चुनाव का प्रशिक्षण




रीवा।

लोकसभा चुनाव में चुनाव प्रचार तथा पेड न्यूज पर निगरानी के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय मीडिया मानीटनिंग एण्ड सर्टिफिकेशन कमेटी गठित की गयी है। इसके सभी सदस्यों को कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में चुनाव का प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने कहा कि पेड न्यूज तथा सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखें। राजनैतिक विज्ञापनों तथा इलेक्ट्रानिक चैनल पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों की निगरानी करें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार समस्त कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। बैठक में नोडल अधिकारी प्रशिक्षण डॉ. अमरजीत सिंह ने कहा कि एमसीएमसी समिति का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। पेड न्यूज का प्रकरण सामने आने पर समिति के सभी सदस्य इस पर निर्णय करेंगे। प्रकरण बनने पर रिटर्निंग आफीसर उम्मीदवार को नोटिस जारी करेंगे। निर्धारित समय सीमा में नोटिस का उत्तर प्राप्त कर समुचित कार्यवाही की जायेगी। इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया, पोस्टर, पम्प्लेट तथा अन्य माध्यमों से चुनाव प्रसार पर भी निगरानी करना आवश्यक होगा। एमसीएमसी टीम के सदस्यों को प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर डॉ. एचजीआर त्रिपाठी ने समिति के गठन से लेकर पेड न्यूज तथा प्रचार सामग्री के प्रमाणन की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समिति में सोशल मीडिया के विशेषज्ञ शामिल किये गये हैं। इनके माध्यम से सोशल मीडिया पर निगरानी रखी जायेगी। मतदान के 48 घण्टे पहले तथा मतदान दिवस पर प्रिंट मीडिया में जारी होने वाले विज्ञापनों का जिला स्तरीय समिति से प्रमाणन आवश्यक होगा। इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा ई-पेपर के सभी विज्ञापनों का समिति से प्रमाणन आवश्यक होगा। आवेदन पत्र के साथ पूरा विवरण समिति के समक्ष रखा जायेगा। समिति 24 घण्टे की समय सीमा में अनुमति देगी। अनुमति पत्र के साथ समिति को एक घोषणा पत्र भी निर्धारित प्रारूप में देना आवश्यक होगा। समाचार पत्र में यदि कोई समाचार पेड न्यू प्रतीत होता है तो उस पर विचार करके तथा आयोग के मापदण्डों के अनुसार ही रिटर्निंग आफीसर के माध्यम से उम्मीदवार को नोटिस जारी होगा। प्रशिक्षण में दैनिक तथा साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में भी जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में एमसीएमसी के नोडल अधिकारी उमेश तिवारी, सहायक नोडल अधिकारी शिवप्रसन्न शुक्ला, मास्टर ट्रेनर गोपाल श्रीवास्तव तथा एमसीएमसी टीम के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# अंदर की बातें खरी खरी

## सरकारी तंत्र में अजीबोगरीब घटनायें होती है, जो दबी जुबां चर्चा का विषय बन जाती है

रीवा। जिसे सुनकर कुछ लोग तो आश्चर्य भी करते है और कुछ लोग ठिठोली में ले लेते है। ऐसा ही कुछ वाक्या एक सप्ताह के अंदर रीवा में सुनने का मिला है। बाक्स जब दो भिड़ गये कानूनविद अपराधियों को सजा के मुहाने तक पहुंचाने वाले ही आपस में लड़ बैठे और तमाशबीन देखते रहे। यह वाक्या उन लोगों के बीच हुआ जिनकी नियुक्ति विधि विधाई कार्य विभाग से हुई है। सूत्र बताते है कि दो कानूनविद आपस में मजाक कर रहे थे और मजाक की सीमा इस कदर तोड़ी की आपस में ही भिड़ गये। गनीमत रही कि वहां मौजूद अन्य कानूनविदों ने बीच-बचाव किया। लेकिन तकरार दूसरे दिन भी देखने को मिला। बाक्स टीआई ने कहा रीवा आने के पहले हो गई बेइज्जती कुछ दिनों पूर्व पुलिस मु यालय से निरीक्षको की तबादला सूची जारी हुई। सूची जारी होते ही रीवा की सीमा से जुड़े जिले के एक निरीक्षक का तबादला रीवा के लिए हुआ। रीवा आने के पहले ही उन्होंने अपनी मन पसंद का थाना भी चुन लिया। और ऐन-केन कर उक्त थाना के प्रभारी भी घोषित हो गये। एसपी कार्यालय से जैसे ही आदेश जारी हुआ तो पहले से थाना में जमे प्रभारी माननीय की चौखट पर जा पहुंचे। परिणाम यह हुआ कि एसपी कार्यालय से जारी आदेश के चंद घंटे बाद ही निरीक्षक को वरिष्ठ कार्यालय में अटैचमेंट का आदेश जारी हो गया। जैसे ही आदेश वायरल हुआ तो निरीक्षक ने कहा कि रीवा आने के पहले ही मेरी बेईज्जती हो गई। बाक्स घर का दरवाजा मिला बंद तो घुसे पड़ोसी के.... राजनीति का ऊंट कब किस करवट बैठ जाये कहा नहीं जा सकता। इन दिनो राजनीति में दलबदलुओं की बयार चल रही है, कई नेता अपना भविष्य तराशने और नाजारागी व्यक्त करने के लिए पाला बदल रहे है। हाल ही में एक नेता ने ाी पाला बदला जो कभी ऊंट में सवार होकर अपने नाम का झंडा लहराया करते थे। लेकिन समय ने करवट बदला और हाथी से उतर कर डूबती नैया में सवार हो गये। आंख खुली तो देखा कि जिस नाव पर वो सवार है वो डूब रही तब उनको अपना घर याद आया। लेकिन घर वापसी में देर हो गई और पट बंद मिले। तब जाकर वे पड़ोसी के खूंटे से बंध गये।

# एनएसयूआई ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव राजगुरु को याद करते हुए मनाया शहीदी दिवस



रीवा। शहर के कॉलेज चौराहा स्थित विवेकानंद पार्क में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में मनाया गया शहीदी दिवस वा शहीदों को याद करते हुए किया गया नमन,एनएसयूआई के साथियों के साथ एक संकल्प पत्र का वाचन करते हुए हम भारत के युवा शहीद ए आजम भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की शहादत दिवस पर उन्हें याद करते हैं आजादी के तीनों नायक देशभक्ति प्रेम और सामाजिक भाईचारे की मिसाल है भगत सिंह ने एक सपना देखा था जिसके लिए वह फांसी चढ़ गए वह सपना था एक ऐसे भारत का जो नफरत से मुक्त हो जहां सब बराबर हूं मौजूदा सरकार द्वारा एक तरफ सभी सरकारी संसाधनों को अडानी अंबानी के हाथों बेचा जा रहा है वहीं दूसरी तरफ अग्निपथ जैसी योजनाएं लेकर आई है जो देश की सुरक्षा और नौजवानों की भविष्य के साथ खिलवाड़ हम भारत के लोग आज भगत सिंह की शहादत दिवस पर यह शपथ लेते हैं कि हम करोड़ों युवाओं के सपने तोड़ने वाली अग्निपथ जैसे योजनाओं के खिलाफ लड़ेंगे 1.5 चयनित युवाओं का भविष्य बर्बाद करने वाली सरकार से लड़ते रहेंगे और अग्निपथ योजना रद्द कराकर रहेंगे यही संकल्प लेकर हम सब ने शहीदी दिवस मनाया है..इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पंकज उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा,संगठन मंत्री शिवम मिश्रा, छात्र नेता नित्कर्ष मिश्रा, शोजल सिंह बघेल,राहुल पाल,ऋषभ,रमन शाकांत पांडे,शिवम पांडे हानि, सोधिया, सागर पांडे,आदि छात्र नेता मौजूद रहे।

# अमर शहीद हेमू कालाणी जी की 101वीं जन्म जयंती मनाई

रीवा।





आज स्थानीय साईं बाबा मंदिर के प्रांगण में सिन्ध के वीर सपूत अमर शहीद हेमू कालाणी जी की 101वीं जन्म जयंती भारतीय सिंधू सभा रीवा मुख्य शाखा एवं युवा शाखा के तत्वाधान में पूरी श्रद्धा पूर्वक एवं उत्साह के साथ बनाई गई,

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष श्री प्रहलाद सिंह जी एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महामंत्री महेश ठारवानी रहे, उक्त अवसर पर अमर शहीद हेमू कालाणी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया एवं फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वामी कमलदास जी, वीरेन्द्र गुप्ता जी,संतू लाल आहूजा, लद्धाभाई चंदीराम केसवानी सुदामालाल सचदेव, शंकर साहनी, खेमचंद लालवानी कमलेश सचदेव, नरेश काली, अजय माधवानी, विनोद पुरुस्वानी रामचंद्र आसनानी शेखर सचदेव, पप्पू मंजानी, प्रकाश तारानी, दुल्लीचंद नारु भाई मदन चुंगवानी कन्हैया मंगलानी, मनोहर कटारिया, हरीश कुलचंदानी, लक्ष्मण शिवनानी, अशोक रोहडा रमेश रामेजा, महेश हिरवानी, हरीश वाधवानी, दिलीप आसनानी, करमचंद सुंदरानी, श्रीचंद कोटवानी, जयप्रकाश खेमचंदानी, राम नारवानी, हासानंद, लक्ष्मीचंद गंगवानी, सहित सिंध समाज के अनेक वरिष्ठ नागरिकगण एवं युवा साथी उपस्थित थे

## सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ रखने के उद्देश्य से सड़क पर उतरे नवागत एसडीओपी



मऊगंज। आगामी त्यौहारों और लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए मऊगंज की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के उद्देश्य से नगर की सड़क पर उतरीं नवागत एसडीऔपी और लोगो को सुरक्षा का एहसास कराने की कोशिश की।इस दौरान एसडीओपी मऊगंज के नेतृत्व में मऊगंज थाना प्रभारी एसके द्विवेदी,यातायात थाना प्रभारी अमित विश्वकर्मा दलबल के साथ सक्रिय दिखे। ठेला फल,और सब्जी विक्रेताओं को सड़क में नही रखने की समझाइश देते हुए रा पकड़े जाने पर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

### महज 15 दिनों में की एक लाख से अधिक के राजस्व की वसूली

यातायात थाना प्रभारी अमित विश्वकर्मा ने मार्च महीने में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए महज़ पंद्रह दिनों के भीतर ही 196 चालानी कार्रवाई करते हुए 144200 के राजस्व की वसूली की है जबकि उनके द्वारा लगभग पचास हजार रुपए राजस्व के प्रकरण न्यायालय में भी पेश किए गए हैं फिलहाल मऊगंज में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन कराने के लिए यातायात पुलिस के द्वारा की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई से जहां हड़कंप मचा हुआ है तो वहीं तेज रफ्तार से फर्राटे भरते हुए वाहनों पर भी नियंत्रण लगा है जिससे मऊगंज की यातायात व्यवस्था लंबे अरसे बाद एक बार फिर से पटरी पर लौटती नजर आ रही है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने बालो पर ताबड़तोड़ कार्यवाही से मचा हड़कम्प

यातायात थाना प्रभारी अमित विश्वकर्मा द्वारा आज गुरुवार को वाहन चेकिंग के दौरान नम्बर प्लेट की जगह मानवाधिकार जिला मंत्री एवं महिला सुरक्षा ट्रस्ट मऊगंज का बोर्ड लगाकर सड़क पर दौड़ती XUV कार को पकड़ते हुए उक्त बाहन स्वामी के खिलाफ ई चलानी कार्यवाही की गई है।

# होली पर हुड़दंग मचाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

### आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहारों को मनाने की अपील

मऊगंज। होली का पर्व हिंदू धर्म में काफी पवित्र माना गया है। यह पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे का संचार करता है। मऊगंज जिले में होली त्यौहार बड़े ही शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इस पर्व के मौके पर जिले के पुलिस अधीक्षक बीरेन्द्र कुमार जैन ने होली पर्व पर जिलेवासियों को बधाई एवं शांतिपूर्ण रंगों का पर्व होली मनाने की अपील की है। श्री जैन ने कहा है कि लोग नशे के सेवन से बचे और बाइक में तीन लोगों की सवारी नही करें। होली पर जगह जगह पर पुलिस का पहरा रहेगा और हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की होगी पैनी नजर किसी भी प्रकार की अराजकता व माहौल करने बालो पर सख्त कार्रवाई होगी।



किसी भी घटना,दुर्घटना और अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।

### यातायात थाना प्रभारी का सघन चेकिंग अभियान जारी

जिले में यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से यातायात थाना प्रभारी अमित विश्वकर्मा की अगुवाई में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के संबंध में यातायात थाना प्रभारी अमित विश्वकर्मा ने बताया कि जिले में कई ऐसे गिरोह सक्रिय हैं जो अपने वाहनों में नंबर प्लेट के स्थान पर पदनाम वाली नेमप्लेट लगाकर अवैध गतिविधियों को अंजाम देते हैं जिनके खिलाफ अभियान चलाकर सख्ती के साथ यातायात के नियमों का पालन कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## जाते-जाते झिरा भी ले गये थाना प्रभारी समान

### वसूलीवालों पर फूटा ठीकरा

रीवा। समान थाना से दुर्दिन के बादल भले ही हट गये हो लेकिन उनकी बूंदे आज भी गंध मार रही है। जिसके भी मुंह से सुने सभी दबी जुबां यही सुगबुगाहट कर रहे कि वसूलीबाजों का सरदार तो गया वसूलीबाज कब जायेंगे? तत्कालीन थाना प्रभारी तो ऐसे सरल स्वभाव के थे कि वाटसपिया एवं झोलाछाप तथाकथित पत्रकारों की सिफारिश पर अपने थाना क्षेत्र में जुआं, सट्टा खिलाने की अनुमति दे देते थे, मजे की बात कि ऐसे तथाकथित पत्रकार उनके साथ तस्वीरें खिंचवा कर अपने स्टेटस एंव फेसबुक पर पोस्ट कर अपनी पहुंच बताते रहे। बताते चले कि एसपी कार्यालय से जब थाना प्रभारियों का फेरबदल हुआ तो उस सूची में थाना समान भी शामिल रहा। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जैसे तबादला सूची जारी हुई तो उनके चहेते वसूलीबाज सिपाहियों ने रतहरा से एक युवक को उठा लाये और उसे एनडीपीएस एक्ट में फंसाने की धमकी देते हुए 1 लाख रूपये ऐंठ लिये। टीआई के वसूलीबाज आरक्षकों के चंगुल से निकल पीड़ित युवक ने इस घटना की शिकायत सीएसपी से की और मामला एसपी के संज्ञान तक में आ गया। एसपी ने तत्काल सीएसपी को जांच किये जाने के आदेश दे दिये। इस बात की भनक जैसे ही वसूलीबाज आरक्षकों को लगी तो पीड़ित युवक पर समझौते के लिए दबाव बनाने लगे। यहां मजे की बात तो यह है कि बात सीएसपी तक पहुंचने के बाद जबरन ऐंठी गई राशि में बंदरबाट नहीं हुआ यहां तक की तत्कालीन थाना प्रभारी ने भी अपने हाथ मैले होने से पीछे कर लिये और राशि आरक्षक के पास ही रह गई जिसे लौटाने का लाख प्रयास किया गया। लेकिन पीड़ित अब पैसे लेने से भी इंकार कर रहा है। बाक्स बिल्डर समदड़िया के छांव तले हुई डील बताया जाता है कि घटना 9 मार्च के आसपास की है। पीड़ित युवक विजय पटेल उर्फ खुरखुंदा पिता इंद्रलाल पटेल निवासी रतहरा अपने घर के पास एक दुकान में बैठा हुआ था। तभी थाना प्रभारी के वसूलीबाज आरक्षक रविशंकर द्विवेदी और अमित सिंह चौहान जा पहुंचे और यह कहते हुई अपनी बाइक में बिठा लिया कि टीआई साहब कुछ जानकारी लेने के लिए बुला रहे है, टीआई का नाम सुनते ही विजय पटेल उनके साथ बाइक में बैठ गया। बताया गया कि विजय पटेल को इन वसूलीबाज आरक्षको ने थाना ले जाने के बजाय समदड़िया माल में ले गये और उसे एनडीपीएस में फंसाने की धमकी देने लगे।